# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बीएस. मार्ग, कबीर सर्कल के पास, कोटा–324005

E-mail: registrar@uok.ac.in, Ph. No. 0744-2472934 , Fax :0744-2472960


**प्रबन्ध–मण्डल की 49वीं बैठक दिनांक 03.05.2024**

**कार्यवृत**

प्रबन्ध–मण्डल की 49वीं बैठक दिनांक 03.05.2024 को अपराह्न 12:15 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन स्थित बैठक हॉल में माननीय कुलपति महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित की सहभागिता रहीः–

**प्रो0 नीलिमा सिंह** — **अध्यक्ष**
माननीया कुलपति महोदया,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

2. संभागीय आयुक्त, कोटा **(Online)** — सदस्य
सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयुपर-
के द्वारा नामित सदस्य

3. **डॉ. मुकेश कुमार शर्मा** — सदस्य
नामित सदस्य,
प्रमुख शासन सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग (ग्रुप–4), राजस्थान सरकार,
जयपुर

4. **प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत** — सदस्य
कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य

5. **प्रो. एन.सी. गौतम (Online)** — सदस्य
कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य

6. **प्रो0 फूल सिंह गुर्जर** — सदस्य
कुलपति द्वारा नामित अधिष्ठाता

7. **डॉ0 के.के. शर्मा** — सदस्य
कुलपति द्वारा नामित अधिष्ठाता

8. **प्रो0 रीना दाधीच** — सदस्य
कुलपति द्वारा नामित आचार्य

9. **डॉ. अनुकृति शर्मा (Online)** — सदस्य
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

10. **डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा** — सदस्य
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

11. **कुलसचिव** — सदस्य सचिव

आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव एवं माननीया कुलपति द्वारा सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक में निर्देशानुसार एकल बिन्दु पर चर्चा कर निम्नानुसार संकल्प / निर्णय पारित किये गये :—

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या—1 | : | **कोटा विश्वविद्यालय अधिनियम 2003 (यथा संशोधित अधिनियम—2017 व 2019) की धारा 11(3)(क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार इस विश्वविद्यालय के कुलपति चयन हेतु गठित की जाने वाली खोजबीन समिति (Search Committee) में विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा नाम निर्देशित एक सदस्य के मनोनयन पर विचार सम्बंधी प्रस्ताव।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा अधिनियम 2003 (यथा संशोधित अधिनियम—2017) की धारा 11(3)(क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार इस विश्वविद्यालय के कुलपति चयन हेतु गठित की जाने वाली खोजबीन समिति (Search Committee) में विश्वविद्यालय प्रबंध मण्डल द्वारा नाम निर्देशित एक सदस्य के मनोनयन संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई।<br>प्रबन्ध मण्डल की बैठक में इस सम्बंध में हुई चर्चा के दौरान प्रो0 भगवती प्रसाद सारस्वत, माननीय सदस्य प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रो0 कैलाश सोडानी, माननीय कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को खोजबीन समिति (Search Committee) में विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा नाम निर्देशित सदस्य के रूप में मनोनीत किये जाने का प्रस्ताव रखा गया तथा प्रो. एन.सी. गौतम, माननीय सदस्य प्रबंध मंडल द्वारा प्रो. अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी, माननीय कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को खोजबीन समिति (Search Committee) में विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा नाम निर्देशित सदस्य के रूप में मनोनीत किये जाने का प्रस्ताव रखा गया।<br>विचार—विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से प्रो. सोडानी के नाम पर सहमति बनी।<br>अतः प्रबंध मंडल द्वारा खोजबीन समिति (Search Committee) में विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा नाम निर्देशित सदस्य के रूप में प्रो. कैलाश सोडानी, माननीय कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के नाम का अनुमोदन किया गया। |

अन्त में कुलपति महोदया ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

**बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।**

**डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा**
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

**डॉ0 के.के. शर्मा**
कुलपति द्वारा नामित अधिष्ठाता

**प्रो0 फूल सिंह गुर्जर**
कुलपति द्वारा नामित अधिष्ठाता

03/05/24
**प्रो0 रीना दाधीच**
कुलपति द्वारा नामित आचार्य

**डॉ. मुकेश कुमार शर्मा**
नामित सदस्य,
प्रमुख शासन सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग (ग्रुप–4)

**प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत**
कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य

03/05/24
**कुलसचिव** एवं
सदस्य सचिव

**(प्रो. नीलिमा सिंह)**
कुलपति
एवं अध्यक्ष